कार्यालय

# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

संख्या 34-13099/14/2026-मुख्यमंत्री कार्यालय-Cheif Minister's office 1/1312603/2026

दिनांक 29/04/2026

<u>ई-ऑफिस</u>

कृपया मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या आर-34-13099/11/2026 मुख्यमंत्री कार्यालय 11/1263534/2026 दिनांक 20 मार्च, 2026 (संलग्नक-**1**) का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसमें समस्त कार्यालयों में ई-ऑफिस को शत-प्रतिशत लागू किए जाने हेतु कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

2- ई-ऑफिस हेतु नोडल संस्था UPLC के पोर्टल https://uplc.up.gov.in/en/District-Directorate-Dashboardपर दिनांक 21 मार्च, 2026 से 20 अप्रैल, 2026 तक की रिपोर्ट की समीक्षा में ज्ञात हुआ है कि अधिकांश विभागों में कार्मिकों द्वारा पोर्टल पर लॉगिन किए जाने की स्थिति में सुधार हुआ है, परंतु कतिपय विभागों में अभी भी अत्यधिक संख्या में कार्मिकों द्वारालॉगिन नहीं किया जा रहा है।सर्वाधिक संख्या में लॉगिन नहीं करने वाले कार्मिकों से संबंधित 24 विभागों की सूची संलग्नहै।**(संलग्नक-2)**

3- उक्त के क्रम में ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोगकर्ताओं के सहायतार्थ पुनः दिनांक 04मई, 2026 से 15मई, 2026 के मध्य अपरान्ह 03:00 से 04:30 बजे तक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम नोडल एजेन्सी (UPLC) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण में आपके विभाग से सम्वन्धित सभी निदेशालयों/मुख्यालयों/विभागाध्यक्ष कार्यालयों तथा अधीनस्थ मण्डल, जनपद व अन्य स्तर के कार्यालयों आदि के ई-आफिस यूजर्स प्रतिभाग करेंगे। प्रशिक्षण का तिथिवार कार्यक्रम संलग्न है।**(संलग्नक-3)**

4- ऑनलाइन प्रशिक्षण हेतु ZOOM का लिंक निम्नवत है:-

**https://zoom.us/j/**93010135808**?**
**pwd=**61**h**5**yX**8**B**5**LGksnj**8**ykFGn**19**Nqht**2**Z**2.1

**Meeting ID:** 930 1013 5808

**Passcode:** 792095

5- पत्र दिनांक 20-03-2026 के सापेक्ष कतिपय विभागों/कार्यालयों द्वारा उनके कार्मिकों को ई-ऑफिस से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध मेंपृच्छा/मार्गदर्शन का अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में यह स्पष्ट किया जाता है कि शासन स्तर पर सचिवालय इंस्टेंस पर कई वर्षों से ई-ऑफिस सफलतापूर्वक संचालित होने के दृष्टिगतउक्त पत्र के प्रस्तर-4 में उल्लिखित प्रमाण-पत्र की अनिवार्यता सचिवालय इंस्टेंस हेतु नहीं होगी। इसके अतिरिक्त प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक, चिकित्सालयों में मेडिकल/पैरामेडिकल स्टाफ तथा पुलिस में कांस्टेबल/सिपाही आदि ई-ऑफिस से आच्छादित नहीं होंगे। उपर्युक्त में से यदि किसी कार्मिक्र को कार्यालयी कार्य आवंटित है अथवा भविष्य में आवंटित किए जाते हैं, तो उनको ई-ऑफिस से आच्छादित किया जाए।

निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

संलग्नक: उक्तवत।

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 29-04-2026
12:08:31

**(संजय प्रसाद)**

अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री।

1- अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव / सचिव, उ०प्र० शासन।
3- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
7- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/ सचिव / विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।
2. प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ०प्र० शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी.एल.सी. उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।
5. वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

Digitally signed by
ARVIND MOHAN
Date: 29-04-2026
16:25:06

(अरविन्द मोहन)

संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री।

1

कार्यालय

# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश

लोक भवन, लखनऊ

संख्या 34-13099/11/2026 मुख्य मंत्री कार्यालय-11/126 35 34/2026

दिनांक 20/03/2026

**ई-ऑफिस**

प्रदेश के समस्त कार्यालयों को **PaperlessOffice** किये जाने के उद्देश्य से सचिवालय, निदेशालय/मुख्यालय, मण्डल, जनपद, तहसीलें, विकास खण्ड आदि कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू की गई है। इस सम्बन्ध में समय-समय पर विस्तृत दिशानिर्देश भी निर्गत किए गए हैं।

2- ई-ऑफिस पर कार्मिकों को प्रशिक्षित करने के लिए नोडल संस्था UPLC द्वारा माह फरवरी, 2025 से फ़रवरी, 2026 तक लगातार प्रत्येक कार्यदिवस में ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र संचालित किए गए हैं, तथा उक्त प्रशिक्षण वीडियो पोर्टल https://uplc.up.gov.in/en/Training-Videos पर भी उपलब्ध हैं।

3- **ई-ऑफिस सम्बन्धी विभिन्न रिपोर्ट्स UPLC पोर्टल** https://uplc.up.gov.in/en/Reports पर उपलब्ध हैं, जिनको कार्यालयों द्वारा अनुश्रवण हेतु **स्वयं डाउनलोड किया जा सकता है।** उक्त रिपोर्ट्स के परीक्षण से ज्ञात हुआ है कि नियमित प्रशिक्षण/हैण्ड-होल्डिंग एवं बार-बार निर्देशित किए जाने के उपरान्त भी कतिपय यूजर्स द्वारा ई-ऑफिस पर कार्य नहीं किया जा रहा है जो आदेशों का घोर उल्लंघन है।

4- **उपर्युक्त स्थिति पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अपेक्षा की गई है कि:-**

- प्रदेश के समस्त कार्यालयों में अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस का प्रयोग किया जाए। किसी भी दशा में ऑफ़लाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए।
- ई-ऑफिस पर कार्य करने के उपरान्त ही सम्बन्धित कार्मिकों का वेतन आहरित किया जाए। ई-ऑफिस पर कार्य नहीं करने वाले कार्मिक का वेतन आहरित होने की दशा में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/ आहरण-वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।
- **समस्त कार्यालयाध्यक्षों/ आहरण वितरण अधिकारियों से इस आशय का प्रमाणपत्र कि "उनके कार्यालय में समस्त कार्मिकों द्वारा ई-आफिस पर कार्य किया जा रहा है एवं कोई भी कार्मिक (चतुर्थ श्रेणी एवं वाहन चालक को छोडकर) ई-ऑफिस पर मैप होने से नहीं छूटा है" प्राप्त करने के बाद ही उनका आगामी माह का वेतन आहरित किया जाए।**
- यदि किसी कार्यालय में ई-ऑफिस अद्यतन कार्यान्वित नहीं हुआ है, तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष को व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी मानते हुए उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रारम्भ की जाए।
- प्रदेश के समस्त कार्यालयों में आपस में पत्र तथा पत्रावलियों का संचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। इन्टर-इंस्टैंस संचार किए जाने की सुविधा ई-ऑफिस प्रणाली में उपलब्ध है।

संलग्नक: उक्तवत।

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 12-03-2026
13:18:10

**(संजय प्रसाद)**

अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री।

1- अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव / सचिव, उ०प्र० शासन।
3- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त पुलिस आयुक्त/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षक, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
7- समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
8- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/ सचिव / विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।
2. प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ०प्र० शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी.एल.सी. उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।
5. वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

Digitally signed by
ARVIND MOHAN
Date: 19-03-2026
16:16:25

(अरविन्द मोहन)

संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री।

# Not-Login users Report

21-03-2026 to 20-04-2026

| Sr. No. | Department | Grand Total | Not-Login users |
|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन | 12,325 | 4,669 |
| 2 | चिकित्सा शिक्षा | 4,996 | 3,767 |
| 3 | राजस्व एवं आपदा | 8,250 | 3,118 |
| 4 | नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन | 3,685 | 2,364 |
| 5 | लोक निर्माण | 10,934 | 1,864 |
| 6 | चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 3,211 | 1,381 |
| 7 | कृषि | 4,306 | 1,318 |
| 8 | आवास एवं शहरी नियोजन | 2,632 | 1,247 |
| 9 | ग्राम्य विकास | 6,356 | 1,245 |
| 10 | बेसिक शिक्षा | 2,378 | 1,136 |
| 11 | खाद्य एवं रसद | 2,792 | 967 |
| 12 | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति | 1,901 | 761 |
| 13 | वित्त | 2,638 | 711 |
| 14 | पंचायती राज | 1,801 | 701 |
| 15 | श्रम एवं सेवायोजन | 3,050 | 689 |
| 16 | माध्यमिक शिक्षा | 1,682 | 681 |
| 17 | राज्य कर | 1,818 | 678 |
| 18 | प्राविधिक शिक्षा | 1,620 | 642 |
| 19 | परिवहन | 1,221 | 625 |
| 20 | अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास | 776 | 582 |
| 21 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन | 1,776 | 537 |
| 22 | आबकारी | 1,074 | 424 |
| 23 | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास | 782 | 417 |
| 24 | पशुधन | 1,149 | 400 |

# ई-ऑफिस ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

## दिनांक: 04 मई, 2026 से 15 मई, 2026 तक

## Training Time : 03:00 p.m. to 04:30 p.m.

| क्र०सं० | विभाग | Training Date | Day |
|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन | 04-05-2026 | Monday |
| 2 | चिकित्सा शिक्षा | 05-05-2026 | Tuesday |
| 3 | राजस्व एवं आपदा | 06-05-2026 | Wednesday |
| 4 | नगर विकास | 07-05-2026 | Thursday |
| 5 | लोक निर्माण | 08-05-2026 | Friday |
| 6 | पशुधन | | |
| 7 | प्राविधिक शिक्षा | | |
| 8 | चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 11-05-2026 | Monday |
| 9 | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास | | |
| 10 | राज्य कर | | |
| 11 | कृषि | 12-05-2026 | Tuesday |
| 12 | आबकारी | | |
| 13 | माध्यमिक शिक्षा | | |
| 14 | आवास एवं शहरी नियोजन | 13-05-2026 | Wednesday |
| 15 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन | | |
| 16 | श्रम एवं सेवायोजन | | |
| 17 | ग्राम्य विकास | 14-05-2026 | Thursday |
| 18 | अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास | | |
| 19 | पंचायती राज | | |
| 20 | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति | | |
| 21 | बेसिक शिक्षा | 15-05-2026 | Friday |
| 22 | परिवहन | | |
| 23 | वित्त | | |
| 24 | खाद्य एवं रसद | | |